# शिवराज पहली बार देंगे बीमा राशि

- किसानों को 3200 करोड का भुगतान किया जाएगा
- इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से सीधे खातों में होगी हस्तांतरित



**नयी दिल्ली, 10 अगस्त. केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण और ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान सोमवार को राजस्थान के झुंझुनू में आयोजित राष्ट्रीय कार्यक्रम में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत 30 लाख किसानों को उनके दावों पर मंजूर राशि का सीधे उनके खातों में भुगतान करेंगे. इस योजना में पहली बार किसानों को इस तरह इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से सीधे उनके खातों में भुगतान किया जा रहा है.**

इस कार्यक्रम स्थल से करीब 3200 करोड रुपए का भुगतान किया जाएगा. आधिकारिक जानकारी के अनुसार इस कार्यक्रम में राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा मुख्य अतिथि होंगे.समारोह में विशेष अतिथि के रूप में केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी और राजस्थान के कृषि मंत्री डॉ. किरोड़ी लाल मीणा भी उपस्थित होंगे. स्थानीय जनप्रतिनिधि, किसान नेता तथा मंत्रालय और राज्य सरकार के वरिष्ठ अधिकारी भी कार्यक्रम में भाग लेंगे. यह कार्यक्रम सोमवार को दोपहर 12 बजे झुंझुनू हवाई पट्टी पर आयोजित होगा, जिसमें झुंझुनू के साथ ही सीकर, जयपुर, कोटपूतली-बहरोड़ सहित विभिन्न जिलों से बड़ी संख्या में किसान शामिल होंगे, जबकि देशभर के विभिन्न राज्यों के लाखों किसान वर्चुअल माध्यम से भी समारोह से जुड़ेंगे. चौहान द्वारा की गई महत्वपूर्ण पहल के अंतर्गत, ग्रामीण भारत के करोड़ों किसानों की आर्थिक सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रत्यक्ष लाभ अंतरण के माध्यम से पहली बार 30 लाख से अधिक किसानों को 3,200 करोड़ रुपए से अधिक की फसल बीमा दावा राशि डिजिटल रूप से सीधे उनके बैंक खातों में भेजी जाएगी. इसमें राजस्थान के 7 लाख से अधिक किसानों को 1,100 करोड़ रुपए से अधिक की राशि मिलेगी. कृषि मंत्री के अनुसार, राज्यवार बीमा दावा क्लेम के तहत मध्य प्रदेश के किसानों को 1,156 करोड़ रुपए, राजस्थान के किसानों को 1,121 करोड़ रुपए, छत्तीसगढ़ के किसानों को 150 करोड़ रुपए और शेष राज्यों के किसानों को 773 करोड़ रुपए की राशि का सीधा लाभ मिलेगा. केंद्रीय मंत्री ने कहा कि इस योजना के अंतर्गत तकनीक और पारदर्शिता एक महत्वपूर्ण पहलू है. किसानों को फसल बीमा दावा राशि का समय पर भुगतान मिलेगा, जिससे उनकी वित्तीय स्थिति, निवेश का आत्मविश्वास और खेती में अनिश्चितताओं का सामना करने की शक्ति बढ़ेगी.

### राज्य सरकारें सब्सिडी देने में देरी करेगी लगेगी पेनल्टी

चौहान ने कहा कि सरकार ने किसानों के हित में बीमा दावा भुगतान की नई सरल व्यवस्था लागू की है, जिसमें राज्यों की प्रीमियम अंशदान राशि की प्रतीक्षा किए बिना केवल केंद्र की सब्सिडी पर आनुपातिक रूप से किसानों को दावों का तुरंत भुगतान संभव होगा. खरीफ 2025 से अगर कोई राज्य सरकार अपनी सब्सिडी देने में देरी करती है, तो उस पर 12 प्रतिशत की पेनल्टी लगेगी, और इसी तरह बीमा कंपनियों द्वारा भुगतान में देर होने पर भी 12 प्रतिशत पेनल्टी किसानों को मिलेगी. केंद्रीय कृषि मंत्री ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा वर्ष 2016 से प्रारंभ इस योजना के तहत अब तक 78 करोड़ से अधिक किसान आवेदनों को कवर करते हुए 1.83 लाख करोड़ रुपए की दावा राशि का वितरण किया गया है.


## दक्षिणी लेबनान में विस्फोट में 6 सैनिकों की मौत

**बेरूत.** दक्षिणी लेबनान में एक बारूदी सुरंग हटाने के अभियान के दौरान इज़रायली गोला-बारूद में विस्फोट होने से छह सैनिकों की मौत हो गयी और कई अन्य घायल हुए हैं. एक सैन्य प्रवक्ता ने बताया कि शनिवार को यह विस्फोट उस समय हुआ जब सेना की एक इकाई टायर की ज़ेबक्रीन घाटी में एक हथियार डिपो का निरीक्षण कर रही थी और उसमें मौजूद सामग्री को नष्ट कर रही थी.रूस न्यूज एजेंसी स्पूतनिक की रिपोर्ट के अनुसार, विस्फोट के कारणों का पता लगाने के लिए जांच चल रही है.

यह घटना लेबनान सरकार द्वारा हिज़्बुल्लाह को निरस्त्र करने की अमेरिका समर्थित योजना को मंज़ूरी देने के कुछ दिनों बाद हुयी है. प्रधानमंत्री नवाफ सलाम ने सोशल मीडिया पर शोक व्यक्त करते हुए कहा कि लेबनान 'अपने राष्ट्रीय कर्तव्य का पालन करते हुए' मारे गए सैनिकों के लिए शोक व्यक्त करता है.

## निर्यात अधिक और आयात कम करना होगा

### नितिन गडकरी ने कहा कि कुछ देश जमा रहे हैं धौंस



**नागपुर, 10 अगस्त. केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने रविवार को कहा कि भारत को आत्मनिर्भर और विश्व में अग्रणी देश बनने के लिए निर्यात को बढ़ाते हुए आयात कम करना होगा. उन्होंने कहा कि जो देश प्रभुत्व या धौंस जमा रहे हैं वे ऐसा इसलिए कर पा रहे हैं क्योंकि उनके पास आर्थिक शक्ति और उन्नत प्रौद्योगिकी है.**

उन्होंने नागपुर के विश्वेश्वरैया राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (वीएनआईटी) में कहा अगर हमारी निर्यात और आर्थिक वृद्धि दर में सुधार होता है तो मुझे नहीं लगता कि हमें किसी पर निर्भर रहने की आवश्यकता होगी. उन्होंने कहा कि बेहतर तकनीक एवं संसाधन प्राप्त करने के बाद भी भारत किसी देश पर धौंस नहीं जमाएगा क्योंकि 'हमारी संस्कृति हमें सिखाती है कि विश्व का कल्याण सबसे महत्वपूर्ण है.'उन्होंने कहा कि वैश्विक चुनौतियों का सामना कर रहे देश विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के माध्यम से समाधान ढूंढ सकते हैं. उन्होंने बल देकर कहा कि अगर भारत विश्वगुरु बनना चाहता है तो आयात कम करते हुए निर्यात बढ़ाना ज़रूरी है. उन्होंने शोध संस्थानों, आईआईटी और इंजीनियरिंग कॉलेजों से आग्रह किया कि वे अपने शोध को देश की आवश्यकताओं के अनुसार केंद्रित करें और इस बात को भी ध्यान में रखें कि सभी क्षेत्रों में शोध समान रूप से महत्वपूर्ण है.

### फडणवीस ने वंदे भारत के लिए मोदी को दिया धन्यवाद



**नागपुर.** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने रविवार को नागपुर-पुणे वंदे भारत एक्सप्रेस शुरू करने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रति आभार व्यक्त किया और कहा कि इससे विदर्भ का पुणे से संपर्क बहुत बेहतर होगा. फडणवीस ने कहा कि यह देश में अब तक की सबसे लंबी चलने वाली वंदे भारत रेलगाड़ी होगी जो प्रमुख स्टेशनों पर रुकते हुए 12 घंटों में 881 किलोमीटर का सफर तय करेगी. उन्होंने कहा कि यह रेलगाड़ी विदर्भ, उत्तरी महाराष्ट्र और पुणे के बीच संपर्क बढ़ाएगी. प्रधानमंत्री मोदी ने आज बेंगलुरु में तीन वंदे भारत एक्सप्रेस रेलगाड़ियों को हरी झंडी दिखाई. उन्होंने बेंगलुरु-बेलगावी सेवा का उद्घाटन सामान्य रूप से किया जबकि श्री माता वैष्णो देवी कटरा-अमृतसर और अजनी (नागपुर)-पुणे सेवाओं का वर्चुअल उद्घाटन रूप से किया.

## खरगे देंगे इंडिया गठबंधन के नेताओं को डिनर

**कई मुद्दों पर विचार विमर्श किया जाएगा**

**25 दलों के नेताओं से राहुल ने की थी बैठक**

**नयी दिल्ली 10 अगस्त. लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के बाद अब कांग्रेस अध्यक्ष एवं राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे इंडिया गठबंधन के नेताओं के लिए डिनर का आयोजन कर रहे हैं जिसमें चुनाव आयोग पर वोट की चोरी, बिहार में मतदाता सूची पुनरीक्षण तथा अन्य कई मुद्दों पर विचार विमर्श किया जाएगा.**

कांग्रेस सूत्रों के अनुसार डिनर का आयोजन 11 अगस्त यानी सोमवार को किया जाएगा.

इसमें लोकसभा तथा राज्यसभा में इंडिया गठबंधन के सभी दलों के नेताओं के साथ ही विपक्षी गठबंधन के प्रमुख नेताओं को आमंत्रित किया गया है. भोज का आयोजन श्री खरगे के आवास पर नहीं बल्कि अन्यत्र किया जा रहा है ताकि ज्यादा संख्या में नेताओं को इसमें आमंत्रित किया जा सके.



इसमें देश के विभिन्न हिस्सों में चुनाव आयोग की भूमिका को लेकर रणनीति बनाने पर चर्चा की भी संभावना है. गौरतलब है कि श्री गांधी ने भी सात अगस्त को इसी तरह से अपने आवास पर इंडिया गठबंधन के सांसदों को भोज पर बुलाया था जिसमें 25 दलों के 50 नेताओं ने हिस्सा लिया था. इस बैठक में बिहार में मतदाता सूची पुनरीक्षण, वोट चोरी तथा उपराष्ट्रपति चुनाव जैसे कई मुद्दों पर चर्चा हुई थी.

## चाड के पूर्व प्रधानमंत्री सुचेस मसरा को 20 साल की कैद

**एन दजामेना.** चाड के पूर्व प्रधानमंत्री सुचेस मसरा को शनिवार को राजधानी एन दजामेना की एक आपराधिक अदालत ने 20 साल कैद की सजा सुनायी. चाड की आपराधिक अदालत द्वारा सुनाए गए फैसले के अनुसार मसरा को जनता को घृणा और शत्रुता के लिए उकसाने का दोषी पाया गया. उनके के वकीलों ने इस फैसले को 'अपमानजनक' बताया और कहा कि वे इसके खिलाफ अपील करेंगे. मसरा को मई में सरकारी जांच के बाद गिरफ्तार किया गया था. उन पर आरोप लगाया गया था कि उन्होंने लोगों को हिंसा के लिए उकसाया था.

## भारत-अर्मेनिया ट्रांजिट कॉरिडोर बनाने पर सहमत

**नयी दिल्ली 09 अगस्त. विदेश मंत्री एस जयशंकर ने शनिवार को अर्मेनिया के विदेश मंत्री अरारत मिर्जोयान से बात कर उनको अज़रबैजान के साथ हुए शांति समझौते के लिए बधाई दी. विदेश मंत्री ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि यह शांति समझौता भारत द्वारा समर्थित संवाद और कूटनीति के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है.**



उन्होंने लिखा अर्मेनियाई विदेश मंत्री अरारत मिर्जोयान से बात करके अच्छा लगा. वाशिंगटन डीसी में आर्मेनिया-अज़रबैजान शांति संधि पर उन्हें बधाई दी. यह भारत द्वारा समर्थित संवाद और कूटनीति के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है. उल्लेखनीय है कि अजरबैजान के राष्ट्रपति इल्हाम अलीयेव और आर्मेनिया के प्रधानमंत्री निकोल पशिनयान ने शुक्रवार को अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की मौजूदगी में शांति समझौते पर हस्ताक्षर किये. समझौता के तहत दोनों देशों ने विवादित इलाके के लिए एक ट्रांजिट कॉरिडोर बनाने पर सहमति जतायी है जिसे ट्रम्प रूट फॉर इंटरनेशनल पीस एंड प्रॉस्पेरिटी नाम दिया जाएगा.


यह कॉरिडोर अजरबैजान को उसके नखचिवान एंक्लेव इलाके से जोड़ेगा जो आर्मेनिया से होकर गुजरेगा. दोनों देशों के नेताओं ने इस समझौता का श्रेय श्री ट्रम्प और उनकी टीम को दिया और उन्हें नोबेल शांति पुरस्कार दिये जाने की मांग की. इस दौरान श्री ट्रम्प ने एक बार भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्ष रुकवाने का दावा किया. उन्होंने कहा कि दोनों एक दूसरे के खिलाफ बड़े संघर्ष में उलझे हुए थे. गौरतलब है कि ट्रम्प प्रशासन ने इस साल की शुरुआत में दोनों देशों के बीच वार्ता शुरू करायी थी.

## एक नजर में



### स्पेन में विमान दुर्घटना में दो की मौत

**मैड्रिड.** स्पेन के वालेंसिया क्षेत्र में एक छोटे विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने से दो लोगों की मौत हो गयी. क्षेत्रीय सरकार ने इसकी पुष्टि की. सरकारी की ओर से जारी बयान में बताया गया है कि यह दुर्घटना रेक्वेना शहर के पास शनिवार को पूर्वाह्न लगभग 11:25 बजे हुयी. विमान उड़ान भरने के तुरंत बाद तेज रफ्तार से गोता लगाकर पास के खेतों में जा गिरा, जिससे दोनों यात्रियों की मौत हो गई. विमान आग से पूरी तरह नष्ट हो गया. दुर्घटना के कारणों की जांच की जा रही है. दुर्घटना के समय मौसम की स्थिति अनुकूल बताई गयी थी. दोनों पीड़ित वालेंसिया शहर के निवासी थे.



### तुर्की के जंगल में आग से हजारों को लोग प्रभावित

**इस्तांबुल.** तुर्की के उत्तर-पश्चिमी कनक्कले प्रांत में जंगल में दो स्थानों पर भंयकर आग लगने के बाद लगभग 1,000 लोगों को निकाला गया. इस हादसे में कई घर नष्ट हो गए और निजी संपति को काफी नुकसान हुआ है. पर्यावरण, शहरीकरण और जलवायु परिवर्तन मंत्री मूरात कुरुम ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कहा कि वन विभाग की टीमों ने नुकसान का आकलन शुरू कर दिया है. सकाकली गाँव में 43 इमारतें गंभीर रूप से क्षतिग्रस्त या नष्ट हो गयी हैं और अन्य गाँवों में आकलन अभी भी जारी है.

## कार्टूनिस्ट शेखर गुरेरा को डॉक्टरेट की मानद उपाधि से सम्मानित



**नई दिल्ली, 10 अगस्त. भारतीय संपादकीय कार्टून जगत की मशहूर शख्सियत शेखर गुरेरा को आज कैनेडी यूनिवर्सिटी की तरफ से डॉक्टरेट की मानद उपाधि से नवाज़ा गया! गुरेरा को यह सम्मान कार्टून जगत में उनके चार दशक से अधिक के लम्बे एवं उल्लेखनीय अनुभव के लिए नवाज़ा गया!**

गुरेरा ने अपने सम्बोधन में इस सम्मान को भारतीय कार्टून और कार्टून जगत के लिए एक बड़ा सम्मान बताया एवं अपने समकालीन कार्टूनिस्टों के साथ साँझा किया. बतौर क्रिटिक शेखर गुरेरा ने अपनी माँ एवं धर्म पत्नी का जिक्र करते हुए श्रेय एवं सम्मान दिया! इसके इलावा अपने करियर के उन सभी संस्थानों को भी हार्दिक धन्यवाद किया जिन्होंने उनके कॉलेज की पढ़ाई के दौरान से ले कर कार्टून छापने की विषम परिस्थितियों के बावजूद, कार्टून के लिए उपयुक्त मंच प्रदान किया! ज्ञात स्त्रोतों के अनुसार गुरेरा संपादकीय कार्टून जगत में डाक्ट्रेट की मानद उपाधि पाने वाले विश्व में पांचवें एवं भारत में प्रथम कार्टूनिस्ट हैं. अतीत में भी गुरेरा को अपने करियर के दौरान कई राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय सम्मानों से नवाज़ा गया, जिसमे तीसरी एशियाई कार्टून प्रदर्शनी 1997 में भारत का प्रतिनिधित्व करना, दिल्ली सर्कार द्वारा 1995 में एवं म्युनिसिपल कारपोरेशन गुडगाँव दवारा 2017 में विभिन परियोजनाओं के लिए ब्रांड एम्बेसडर चुना जाना प्रमुख है.

## आज का इतिहास

- **1908 :** स्वतंत्रता सेनानी एवं प्रसिद्ध क्रांतिकारी खुदीराम बोस को फांसी दी गई.
- **1914 :** फ्रांस ने ऑस्ट्रिया और हंगरी के खिलाफ युद्ध की घोषणा की.
- **1929 :** पर्शिया और इराक के बीच मैत्री संधि पर हस्ताक्षर किए गए.
- **1940 :** ब्रिटेन के पोर्टलैंड बंदरगाह पर जर्मनी ने हवाई हमला किया.
- **1944 :** अमेरिका ने सुमात्रा द्वीप समूह के पालेमबेंग क्षेत्र पर हवाई हमला किया.
- **1960 :** अफ्रीकी देश चाड ने फ्रांस से स्वतंत्रता हासिल की.



## 'अमेरिका से सुरक्षा की गारंटी चाहते हैं यूक्रेन और यूरोपीय'

**वाशिंगटन, 10 अगस्त. यूरोप और यूक्रेन ने रूस - यूक्रेन के बीच जारी संघर्ष को सुलझाने के लिए होने वाले किसी भी समझौते के तहत अमेरिका से सुरक्षा गारंटी प्रदान करने की मांग की हैं.**

न्यूयॉर्क टाइम्स ने सूत्रों के हवाले से अपनी रिपोर्ट में कहा है कि वे इस बात पर भी ज़ोर दे रहे हैं कि यूक्रेन के लिए उत्तर अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) में शामिल होने का अवसर खोले जाने की जरूरत है. सूत्रों ने कहा कि यूरोपीय सहयोगी चाहते हैं कि अमेरिका यूक्रेन की नाटो सदस्यता के लिए दरवाज़ा खुला रखे, भले ही गठबंधन में शामिल होना तुरंत संभव न हो. अखबार की रिपोर्ट के अनुसार कल ब्रिटेन के विदेश सचिव मंत्री लैमी, यूक्रेन और यूरोप के प्रतिनिधियों तथा अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस के बीच हुयी बैठक में इन मुद्दों पर चर्चा हुयी. अखबार ने कहा कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के विशेष दूत स्टीव विटकॉफ इस बैठक में ऑनलाइन शामिल हुए.

### त्रिपक्षीय बैठक के विकल्प का ज़िक्र

सूत्रों ने कहा कि यूरोपीय देश यह सुनिश्चित करने की कोशिश कर रहे हैं कि श्री पुतिन और ट्रंप की बैठक में यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर ज़ेलेंस्की मौजूद रहें. अखबार की रिपोर्ट के अनुसार यूरोपीय देश भी वार्ता प्रक्रिया में भाग लेना चाहते हैं, लेकिन इसकी संभावना कम ही है. गौरतलब है कि क्रेमलिन और व्हाइट हाउस ने पहले घोषणा की थी कि श्री पुतिन और श्री ट्रंप 15 अगस्त को अलास्का में मिलेंगे. क्रेमलिन के सहयोगी यूरी उशाकोव ने कहा कि अमेरिका के विशेष दूत स्टीव विटकॉफ ने रूस की यात्रा के दौरान क्रेमलिन में पुतिन, ट्रंप और श्री ज़ेलेंस्की के बीच त्रिपक्षीय बैठक के विकल्प का ज़िक्र किया था.

## ऑस्ट्रेलियाई सेना प्रमुख चार दिवसीय भारत यात्रा पर

**नयी दिल्ली, 10 अगस्त. ऑस्ट्रेलियाई सेना प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल साइमन स्टुअर्ट, भारतीय सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी और रक्षा मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ उच्च स्तरीय बातचीत के लिए 10 से 14 अगस्त तक भारत यात्रा पर हैं. इस यात्रा का उद्देश्य हिंद-प्रशांत क्षेत्र में रणनीतिक सहयोग को और अधिक मजबूत करना है.**



भारतीय सेना ने इस यात्रा को रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण बताया और भारत-ऑस्ट्रेलिया व्यापक रणनीतिक साझेदारी को मज़बूत करने और दोनों देशों के बीच सैन्य सहयोग को बढ़ावा देने में इसका उल्लेख किया. दोनों देश हिंद-प्रशांत क्षेत्र में एक स्थिर और नियम-आधारित व्यवस्था बनाए रखने के लिए काम कर रहे हैं. लेफ्टिनेंट जनरल साइमन स्टुअर्ट की भारत यात्रा हिंद-प्रशांत क्षेत्र में एक विश्वसनीय भागीदार के रूप में भारतीय सेना की बढ़ती प्रतिष्ठा और सार्थक सहयोग के माध्यम से सामूहिक तैयारियों को आकार देने की उसकी प्रतिबद्धता को दर्शाती है.

इस यात्रा से परिचालन और रणनीतिक तालमेल को मज़बूत करने और क्षेत्र में दोनों देशों की सेनाओं के बीच सहयोग के अगले चरण की नींव रखने की उम्मीद है. दोनों सेनाओं ने हाल के वर्षों में सहयोग का लगातार विस्तार किया है.इसमें द्विपक्षीय आतंकवाद-रोधी अभ्यास ऑस्ट्राहिंद जैसा संयुक्त अभ्यास और तालिस्मन सेबर अभ्यास सहित अन्य बहुराष्ट्रीय गतिविधियों में भागीदारी शामिल है.

**आज होगी हस्तांतरित** | **पेंशन राशि को 400 से बढ़ाकर 1,100 रुपये प्रति माह कर दिया**

## पेंशनधारियों को मुख्यमंत्री ने भेजी 58 .40 करोड़ की सौगात

**पटना, 10 अगस्त. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के निर्देश पर पटना जिले के 5,30,952 पेंशनधारियों के बैंक खातों में 58,40,47,200 रुपये की पेंशन राशि डीबीटी के माध्यम से आज हस्तांतरित की गयी.**



इस अवसर पर पटना समाहरणालय समेत सभी प्रखंडों, नगर निकायों, पंचायतों और राजस्व ग्रामों में पेंशन महोत्सव का आयोजन बड़े स्तर पर किया गया. पटना समाहरणालय में जिलाधिकारी डॉ त्यागराजन एस एम की अध्यक्षता में आयोजित मुख्य कार्यक्रम में लगभग 400 पेंशनधारी शामिल हुये. कार्यक्रम में मुख्यमंत्री का संदेश जिलाधिकारी डॉ त्यागराजन ने पढ़कर सुनाया. उन्होंने बताया कि जून माह से पेंशन राशि को 400 से बढ़ाकर 1,100 रुपये प्रति माह कर दिया गया है. यह वृद्ध, विधवा और दिव्यांगजन के जीवन में आत्मसम्मान, आत्मनिर्भरता और सुरक्षा की भावना को मजबूत करने वाला ऐतिहासिक निर्णय है.

गौरतलब है कि राज्य में 06 सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाएँ क्रियान्वित की जा रही है, जिसमें 03 केन्द्र सरकार द्वारा तथा 03 पेंशन योजनाएँ राज्य सरकार द्वारा संचालित की जा रही हैं. राष्ट्रीय सामाजिक सहायता कार्यक्रम अन्तर्गत राष्ट्रीय पेंशन योजनाएँ इन्दिरा गाँधी राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन योजना, इन्दिरा गाँधी राष्ट्रीय विधवा पेंशन योजना एवं इन्दिरा गाँधी राष्ट्रीय नि:शक्तता पेंशन योजना हैं.

## 20 साल में बिजली खपत पहुंची 8 हजार 752 मेगावाट

**पटना.** बिहार में पिछले 20 वर्ष के दौरान बिजली की खपत 700 मेगावाट से बढ़कर आठ हजार 752 मेगावाट हो गई है. बिहार में पिछले 20 वर्ष के दौरान बिजली के क्षेत्र में बेहद उल्लेखनीय बदलाव हुआ है. वर्ष 2005 के पहले राज्य में बिजली की खपत महज 700 मेगावाट हुआ करती थी, जो अब बढ़कर 08 हजार 752 मेगावाट हो गई है. इसमें 12 गुणा से भी अधिक की बढ़ोतरी हुई है मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के अथक प्रयासों से बिहार आज बिजली आपूर्ति को लेकर इतना आत्मनिर्भर बन गया है कि आम लोगों को 125 यूनिट प्रति महीने मुफ्त बिजली तक दी जा रही है.

## बिहार मतदाता सूची में चल रही है मनमर्जी

### लोकतंत्र तबाही की ओर : कांग्रेस

**नयी दिल्ली, 10 अगस्त. कांग्रेस ने कहा है कि बिहार मतदाता सूची के पुनरीक्षण कार्य में चुनाव आयोग भाजपा के साथ मिलकर मनमर्जी कर रहा है और एक ही पते पर सैंकड़ों लोगों के नाम चढ़ा कर लोकतंत्र को तबाह किया जा रहा है.**



कांग्रेस ने आधिकारिक सोशल पेज पर रविवार को एक पोस्ट में यह जानकारी देते हुए कहा है कि चुनाव आयोग और भाजपा लोकतंत्र को तबाह करने पर तुले हुए हैं. पार्टी के अनुसार चुनाव आयोग ने उच्चतम न्यायालय में साफ कहा हम बिहार के उन 65 लाख लोगों के नाम नहीं बताएंगे, जिन्हें वोटर लिस्ट से हटा दिया गया है. ये भी कहा कि ऐसा कोई नियम नहीं है, जिसके तहत नाम काटने का कारण बताया जाए या ऐसी जानकारी दी जाए. कांग्रेस का कहना है कि इससे साफ हो गया है कि चुनाव आयोग पूरी तरह से अपनी मनमर्जी चला रहा है और मतदाता सूची पुनरीक्षण के नाम पर की गई धांधली छिपाने के लिए सारी हदें पार कर रहा है.

पार्टी ने एक अखबार में छपी खबर का भी हवाला देते हुए कहा है कि बिहार में मतदाता सूची पुनरीक्षण के बाद नयी वोटर लिस्ट तैयार की गई है और इस वोटर लिस्ट में मुजफ्फरपुर के एक मकान में 269 वोटरों के नाम अंकित हैं. इसी तरह से जमुई के एक मकान में 247 वोटरों के नाम है. पार्टी का कहना है कि ये सरासर वोट चोरी है- जिसका खेल अब सामने आ चुका है. चुनाव आयोग और भाजपा लोकतंत्र को तबाह करने पर तुले हुए हैं.